दिनांक : 30.10.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- अयोध्या में भव्य दीपोत्सव की सभी तैयारियां पूरी, 25 लाख से अधिक दीये जलाकर सातवां गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य।
- दीपावली और छठ पूजा के त्यौहारों के दौरान इस साल विशेष रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाकर सात हजार की गई।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह किया शुभारंभ।
- बांधवगढ टाइगर रिजर्व में सात हाथियों की मौत को लेकर जांच समिति गठित, दस दिन में आएगी रिपोर्ट।

अयोध्या– दीपोत्सव समारोह

दीपावली की पूर्व संध्या पर अयोध्या में आज भव्य दीपोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में यह पहला दीपोत्सव समारोह होगा। उत्तरप्रदेश सरकार ने आज राम की पैड़ी सहित अयोध्या के 55 घाटों पर 25 लाख से अधिक दीये जलाकर सातवां गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा है। इस वर्ष एक और विश्व रिकॉर्ड बनाने की कोशिश की जाएगी, जिसमें 1100 बटुक और 157 संत एक साथ सरयू के घाट पर सबसे बड़ी आरती करेंगे। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कई अन्य मंत्री इस कार्यक्रम की उपस्थित रहेंगे।

नड्डा–एकता शपथ

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज विश्व एकता दिवस 2024 की पूर्व संध्या पर नई दिल्ली में एकता की शपथ दिलाई। स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव और वरिष्ठ अधिकारियों ने शपथ ली। विश्व एकता दिवस हर साल 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत का सम्मान करना है, जिनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व ने राष्ट्र को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस अवसर श्री नड्डा ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की नींव सरदार वल्लभभाई पटेल ने रखी थी। उन्होंने समेकित और प्रगतिशील समाज को बढ़ावा देने में राष्ट्रीय एकता के महत्व पर जोर दिया। श्री नड्डा ने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हमारे कार्य और नीतियां समावेशिता और विविधता की भावना को प्रतिबिंबित करें जो भारत को अद्वितीय बनाती है।

रेलवे–विशेष रेलगाड़ियां

भारतीय रेलवे दीपावली और छठ पूजा के त्यौहारों के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए बडी संख्या में विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। हाल ही में, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की थी कि पिछले साल संचालित साढ़े चार हजार रेलगाड़ियों की तुलना में इस साल विशेष रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाकर सात हजार कर दी गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–

**जबलपुर रेल द्वारा दीवाली और छठ त्यौहारों में अपने घर जाने और फिर वापस लौटने के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई है। रेलवे ने जबलपुर से होकर नादेंड-पटना के मध्य मंगलवार से तीन-तीन ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में पश्चिम मध्य रेल जोन के जनसंपर्क अधिकारी बीएन गुप्ता ने बताया कि**

वनों से आय
प्रदेश के पश्चिमी–पूर्वी निमाड़ के अंतर्गत वनों की वनोपज औषधि, सागौन की इमारती लकड़ी, तेंदूपत्ता, महुआ, बांस जैसी उपजों से एक वर्ष में राज्य शासन को 150 करोड़ रूपये से अधिक की आय हुई है। ये वन मंडल खण्डवा, बुरहानपुर, खरगौन, बड़वाह, सेंधवा और बड़वानी हैं। इसमें वन विकास निगम से होने वाली आय भी शामिल है। निमाड़ वन क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण के लिये ग्राम स्तर पर 33 प्राथमिक लघु वनोपज समितियां बनाई गई हैं। इनसे आदिवासी महिला–पुरुष संग्राहकों को 21 करोड़ रुपये का लाभ दिया गया है। खण्डवा जिले में आने वाले वन क्षेत्र में 38 हजार 902 पुरुष एवं 33 हजार 685 अनुसूचित जनजाति के संग्राहकों को रोजगार मिला है। मुख्य वन संरक्षक खण्डवा रमेश गणावा ने बताया कि निमाड़ के वनों से स्थानीय 50 हजार पुरुष और महिलाओं को रोज़गार प्राप्त होता है। यहां के वनों से मिलने वाले तेंदूपत्ता, महुआ, सागौन, बांस, धावड़ा और सलई गोंद देशभर में प्रसिद्ध है।

मप्र स्थापना दिवस
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में मध्यप्रदेश के 69वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण कर किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि–

मुख्यमंत्री ने सेना द्वारा लगाई गई सैन्य व युद्ध उपकरणों पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर प्रदेश के राज्यीय खेल मलखंब का प्रदर्शन भी किया गया। कथक नृत्य के रूप में गणेश वंदना से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां का क्रम आरंभ हुआ। 3 ईएमई सेंटर भोपाल के मिलिट्री बैंड द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति गीतों की धुनों ने कार्यक्रम में उत्साह ,उमंग और जोश का संचार कर दिया।

हाथियों की मौत, जांच
उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथियों की मौत की संख्या सात हो गई है। कल चार हाथियों की मौत हुई थी और आज तीन और हाथियों की मौत होने की खबर आई। इस घटना को लेकर आज एक जांच समिति का गठन कर दिया गया है। मुख्य वन जीव अभिरक्षक एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव वी.एन. अम्बाड़े ने बताया कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया में हाथियों की असामान्य मृत्यु पर गहन जांच करने के लिये समिति का गठन किया गया है। समिति के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव एल. कृष्णमूर्ति को अध्यक्ष नामांकित किया गया है। समिति गहन जांच और स्थानीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में अपना जांच प्रतिवेदन 10 दिवस में प्रस्तुत करेगी।

गृह सचिव – एनडीआरएफ
केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने आज कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल–एनडीआरएफ ने पिछले एक वर्ष में 900 से ज्यादा बचाव कार्यों का सफलतापूर्वक संचालन किया और तीन हजार से अधिक लोगों को बचाया है। नई दिल्ली में शहीद स्मृति समारोह के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने ये बात कही। श्री मोहन ने कहा कि एनडीआरएफ नागरिकों के भरोसे और विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। गृह सचिव ने उत्तराखंड, वायनाड, आंध्र प्रदेश और

सिक्किम में आपात स्थिति के दौरान एनडीआरएफ की बहादुरी और सक्रियता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश शहीदों की बहादुरी और प्रतिबद्धता को हमेशा याद रखेगा।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- राज्य शासन ने जिला श्योपुर के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विजयपुर एवं जिला सीहोर के विधानसभा क्षेत्र बुधनी में विधानसभा उप चुनाव के लिए मतदान के दिन 13 नवम्बर (बुधवार) को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया है।
- गुना जिले के कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह ने आज मक्सूदनगढ़ के पटाखा बाजार की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से आतिशबाजी दुकानदारों को प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड बॉक्स रखने के निर्देश दिए।
- शिवपुरी में धनतेरस के अवसर पर देर रात तक बाजारों में खरीदारी का दौर जारी रहा। शहर की सराफा मार्केट और बर्तन मार्केट में देर रात तक खरीदारों की भीड़ रही। दीप उत्सव को लेकर शिवपुरी में लोगों में उत्साह है ।
- नर्मदापुरम शहर के आईटीआई रोड पर एक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक किशोर की मौत हो गई। वहीं इटारसी–नर्मदापुरम रोड के कृषि उपज मंडी के पास एक बाइक सवार आगे चल रही पिकअप से टकरा गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- अयोध्या में आज भव्य दीपोत्सव की सभी तैयारियां पूरी, 25 लाख से अधिक दीये जलाकर सातवां गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य।
- दीपावली और छठ पूजा के त्यौहारों के दौरान इस साल विशेष रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाकर सात हजार की गईं।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह किया शुभारंभ।
- बांधवगढ टाइगर रिजर्व में सात हाथियों की असामान्य मौत को लेकर जांच समिति गठित, दस दिन में आएगी रिपोर्ट।

....................